हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025

06 शरीर का उपभोग नहीं करना है, शरीर का...



08 विधानसभा क्षेत्र आष्टा में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत ...





## खबर संक्षेप

### जिले में नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पाँच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पाँच हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसी प्रकार जिन किसानों की भूमि पाँच एकड़ या उससे अधिक है, उनसे प्रति घटना पंद्रह हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नरवाई न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करें और नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी करें, ताकि कोई भी व्यक्ति खेतों में नरवाई न जलाए।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### पिछले कुछ दिनों में सीहोर जिले में रात के तापमान में तीव्र कमी देखने को मिली है, गर्म कपड़ों के उपयोगी की सलाह

# 5 दिन में 12 डिग्री लुढ़का पारा, सीजन का सबसे कम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा

जिला चिकित्सालय में पदस्थ एमपी मेडिसिन डॉ. आरके वर्मा ने बताया कि हार्ट रोगी ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए ऊनी कपड़े पहनें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में पाँच दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में 12 डिग्री की गिरावट आई, रविवार को रिकार्ड 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर से प्रवेश करती ठंडी हवाओं और बादलों के छंट जाने से ठंड का असर तेजी से बढ़ रहा है।

पिछले कुछ दिनों में सीहोर जिले में रात के तापमान में तीव्र कमी देखने को मिली है। 5 नवंबर को न्यूनतम 19.5 °C था, 6 नवंबर को 18.5 °C, 7 नवंबर को 10.8 °C, 8 नवंबर को 8.5 °C और 9 नवंबर को न्यूनतम तापमान 7.5 °C रहा। इस प्रकार पाँच दिनों में लगभग 12 °C की गिरावट हुई। ऐसे तेज बदलाव से ठंड का प्रभाव झट से महसूस-होने लगा है। आरएके कॉलेज के मौसम वैज्ञानिक एसएस तोमर ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान लगभग 29.0 °C रहा, जबकि न्यूनतम 7.5 °C दर्ज किया गया। दिन-और-रात के तापमान में लगभग चार गुना अंतर दिखाई दिया है। दिन में हल्की धूप और तापमान रहने के बावजूद रात को ठंड इतनी बढ़ गई कि राहत नहीं मिली। उत्तर-पूर्वी दिशाओं से आ रही ठंडी हवाओं ने ठंड को और तीव्र किया है।



### बादल छंटने से बढ़ेगी ठंड

जिले के मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आसमान से बादल धीरे-धीरे हट रहे हैं, जिससे रात को अधिक तेजी से ठंड बढ़ रही है। इसके चलते दिन के समय तापमान कुछ ऊँचा दिखाई देने के बावजूद रातें जल्दी और ठंडी हो चुकी हैं। विशेष रूप से, बादल की कमी से धरती-से निकलने वाली गर्मी जल्दी हवा में चली जा रही है, जो न्यून तापमान को और नीचे ले जा सकती है। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि इस बार ठंड का प्रभाव सामान्य से पहले शुरू हो गया है। आमतौर पर सर्दी नवंबर के दूसरे सप्ताह से जोर पकड़ती है, लेकिन इस बार पहले-ही इसका संकेत मिल रहा है। अगर बादल पूरी तरह हट गए तो न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। ऐसे में कोहरा, शीतल हवाएँ और ठंडी रातें अधिक संभव हैं।

### हार्ट रोगी ऐसे करें खुद की सुरक्षा

सर्दी के मौसम का सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव बच्चे और हार्ट रोग से पीड़ित व्यक्तियों पर पकड़ा है। जिला चिकित्सालय में पदस्थ एमपी मेडिसिन डॉ. आरके वर्मा ने बताया कि हार्ट रोगी ठंड में खुद को गर्म रखने के लिए ऊनी कपड़े पहनें। टोपा, स्कार्फ और दस्ताने का उपयोग करें, खासकर बाहर जाते समय, अत्यधिक ठंड में सुबह की वॉक से बचें। धूप निकलने पर ही टहलें। घर में वार्मर का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि घर का तापमान आरामदायक बना रहे। डॉ. वर्मा के मुताबिक शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पिएं, जैसे गर्म पानी या हर्बल चाय। अपने आहार में ओमेगा-3 फैटी एसिड, फल और सब्जियों को शामिल करें। अत्यधिक नमक, वसा, चीनी और जंक फूड से बचें। ठंड के मौसम में घर के अंदर ही व्यायाम करें। अत्यधिक परिश्रम करने से बचें। तनाव को प्रबंधित करने के लिए गहरी सांस लेने के व्यायाम करें। धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन हृदय रोगों के जोखिम को बढ़ा सकता है, इनसे बचें। कोई भी दिक्कत होने पर तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराएं।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का किया शुभारंभ

### मैराथन एवं वॉकथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर से मैराथन दौड़ एवं वॉकथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया। यह न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 09 नवंबर से 14 नवंबर तक चलेगा। इस विधिक सेवा सप्ताह में आमजनों तक योजनाओं एवं न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता एवं साक्षरता संबधी अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इस अवसर पर आमजनों को नालसा एवं सालसा तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और जागरूक करने के उद्देश्य से पृथक-पृथक ब्रोशर्स, पम्पलेट्स, बुकलेट्स, न्यूजलेटर बैनर आदि के माध्यम से जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान एनआईएमएचआर के विद्यार्थियों द्वारा ₹अपने अधिकारों को जाने₹ थीम पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया तथा कानूनी अधिकारों के सम्बंध में कविता वाचन भी कराया गया। मैराथन एवं वॉकथन दौड़ में प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य, सचिव स्वप्नश्री सिंह, अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।



शुभारंभ अवसर पर हेमंत जोशी विशेष न्यायाधीश, संजय गोयल प्रथम जिला न्यायाधीश, एमके वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विनीता गुप्ता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दीपेन्द्र मालू न्यायिक मजिस्ट्रेट, राजेश वर्मा सचिव अभिभाषक संघ सहित अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

### भावांतर योजना में 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना-2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 9 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने सोयाबीन की अपनी उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

## लोगों की मेहनत की कमाई हड़पने वाले बैंक एजेंट को सात साल की सजा और आठ लाख रुपए का जुर्माना

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज में एक ऐसा मामला सामने आया जिसने लोगों के भरोसे को झकझोर दिया। यहां के व्यापारी और आम ग्रामीण आरोपी अनिल प्रजापति की बातों में आ गए। उसने खुद को म.प्र. ग्रामीण बैंक का एजेंट बताते हुए लोगों से रोज़ाना नकद रुपये लेकर आवर्ती खाते खोलने का भरोसा दिया। छोटे-छोटे व्यापारियों और किसानों ने अपनी मेहनत की कमाई उस पर विश्वास कर सौंप दी, लेकिन यह विश्वास ही उनके लिए सबसे बड़ी ठगी साबित हुआ।

आरोपी अनिल प्रजापति पिता सरदार सिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी बिलकिसगंज, खुद को ग्रामीण बैंक का प्रतिनिधि बताता था। वह ग्राहकों से नकद राशि लेकर एक साधारण डायरी में जमा का रिकॉर्ड दिखाता था। लोगों को विश्वास था कि उनके खाते बैंक में खुल चुके हैं और उनकी रकम सुरक्षित है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट निकली। जांच में सामने आया कि आरोपी ने किसी का भी बैंक खाता नहीं खोला और न ही जमा राशि बैंक में डाली।



### 28 लाख की रकम गबन, टूट गया भरोसा

लगभग एक वर्ष तक आरोपी ने यह खेल चलाया और कई गांवों से करीब 28 लाख रुपये इकट्ठे कर लिए। धीरे-धीरे जब लोगों ने बैंक जाकर जानकारी ली, तो सच्चाई सामने आई। बैंक ने साफ इंकार कर दिया कि उसके यहां किसी अनिल प्रजापति नामक एजेंट की कोई नियुक्ति नहीं हुई। लोगों के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। मेहनत की कमाई लुट चुकी थी और बची थी तो सिर्फ ठगी का दर्द और गुस्सा।

### फरियादी की शिकायत से खुला राज

फरियादी कुमार सत्यम ने इस पूरे मामले की शिकायत थाना बिलकिसगंज में दर्ज कराई। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी ने लोगों से ठगी कर बैंक में जमा नहीं किया और पैसे हड़प लिए। मामला गम्भीर था, इसलिए आरोपी के खिलाफ धारा 409 और 406 भादवि में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

### न्यायालय ने सुनाया कड़ा फैसला

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एम.के. वर्मा की अदालत ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों और तर्कों से सहमति जताई। शासन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रेखा चौरसिया ने मजबूत पैरवी की। न्यायालय ने आरोपी अनिल प्रजापति को दोषी मानते हुए उसे धारा 409 भादवि के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास और 8 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाये जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुँचा दिया जायेगा। दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें।

## भाजपा नगर मंडल ने मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा नगर मंडल के तत्वाधान में रविवार को भाजपा कार्यालय में मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि निर्वाचन आयोग के द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान लोकतंत्र को सशक्त करेंगा। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा का स्वागत किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सन्नी महाजन, रवि नागले, धर्मेन्द्र राठौर, मोहन चौरसिया, राजेन्द्र राजपूत आदि शामिल थे।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रत्येक मतदाता के नाम, पते और पहचान का सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने इस अभियान को लोकतंत्र को सशक्त करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहाकि नगर मंडल में 92 बूथ है, इसके लिए कार्यकर्ताओं की कार्यशाला में ट्रेनिंग ली गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान में हिस्सा लें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह जाए।

### मैराथन के बाद आवासीय खेलकूद विद्यालय में लोगों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया

# मैराथन दौड़ के माध्यम से स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, विजेताओं को मिले पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को रोटरी क्लब सीहोर, इनर व्हील क्लब एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में नगरवासियों, युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह शहर के इंदौर नाके के आगे एसआर विहार से विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयवर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं रैली का समापन शहर के आवासीय विद्यालय भोपाल नाके पर किया गया। करीब पांच किलोमीटर तक चली इस भव्य मैराथम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। वहीं क्लब और रेडक्रास के द्वारा नपाध्यक्ष श्री राठौर का स्वागत किया।

मैराथन के पश्चात आवासीय खेलकूद विद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी टीम द्वारा नागरिकों को सीपीआर प्रशिक्षण भी दिया गया, जिसका निर्देशन डॉ. सुमित बामनिया द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लगभग हजारों लोग उपस्थित रहे। रोटरी क्लब अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, सचिव कपिल अग्रवाल, तथा रेड क्रॉस सोसाइटी सचिव विपुल चांडक, नेहा विजयर्गीय द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं विजेताओं की घोषणा की गई। मैराथन फेस्टीवल में शहर के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, स्काउट गाइड, विद्यार्थियों, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ इंदौर नाके के आगे से आरंभ हुई और भोपाल नाके स्थित आवासीय खेलकूद मैदान पर संपन्न हुई। इस दौरान रास्ते में लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



### स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर अभियान

रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने कहाकि स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम पर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। स्वास्थ्य के लिए मैराथन जागरूकता का प्रतीक है क्योंकि यह शारीरिक फिटनेस, सहनशक्ति और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देता है, साथ ही विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों जैसे कि कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य, किडनी स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाता है।

मैराथन सिर्फ दौड़ने से कहीं अधिक है, यह समर्पण, विपरीत परिस्थितियों पर विजय पाने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने का एक मंच है। यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं रहा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक एकता और युवा ऊर्जा का प्रेरणादायक संदेश बनकर शहर के इतिहास में दर्ज हो गया।

### विजेताओं के नाम

**2.5 किलोमीटर श्रेणी**

1. 1297 अंकित वर्मा - गिफ्ट हैम्पर
2. 3069 विनय प्रताप - गिफ्ट हैम्पर
3. 3129 राकेश वर्मा - गिफ्ट हैम्पर

**5 किलोमीटर श्रेणी (बॉयज़)**


1. 1168 शिवम सिंह तोमर - साइकिल + गिफ्ट हैम्पर
2. 2559 जीतू गुर्जर-साइकिल + गिफ्ट हैम्पर
3. 1156 धीरज यादव - गिफ्ट हैम्पर

**5 किलोमीटर (बालिका वर्ग)**

1. 2601 बुशरा खान - गिफ्ट हैम्पर
2. 2562 गरिमा यादव - गिफ्ट हैम्पर
3. 2512 ईशा पटेल - गिफ्ट हैम्पर

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पार्थ अग्रवाल अंडर-14 मे खेलेंगे



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर शहर के प्रतिभाशाली क्रिकेटर पार्थ अग्रवाल का भोपाल डिवीजन अंडर-14 टीम के लिए चयन किया गया। छतरपुर में होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शहर का नाम रोशन करेंगे। मात्र आठ साल की आयु में बल्लेबाजी के साथ शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करने वाले पार्थ राकेश अग्रवाल आईईएस विद्यालय में आठवी कक्षा में अध्ययनरत है और बीएसआई मैदान पर एकलव्य अकादमी में अभ्यास करते है। पार्थ के चयन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, वरुण शर्मा, कोच अतुल कुशवाहा, चेतन मेवाड़ा, नागेन्द्र व्यास, कमलेश पारोचे और मदन कुशवाहा आदि ने बधाई दी।

### राज्य महिला आयोग ने किया सीहोर एसपी को नोटिस जारी



**सीहोर।** विगत 1 सितम्बर 2025 को कार्यालय पर भाजपाईयों द्वारा कार्याना पूर्वक हमला किया गया था, जिसमें उनके द्वारा कांग्रेस कार्यालय जाकर गाली गलोच व उत्पाद मचाया गया था तथा मामले में पुरे विडियों और फोटो सबूत भाजपाईयों के खिलाफ होने के बावजूद पुलिस द्वारा बिना किसी सबूत के जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के विरूद्ध मुकदमा कायम कर दिया गया था। जबकि विडियो में भाजपाई खुलेआम पंकज शर्मा के घर में घुसकर हमला करने तथा उनको गंदी-गंदी गालियाँ देते दिखाई दे रहे थे, लेकिन फिर भी सीहोर कोतवाली पुलिस द्वारा एक तरफा कार्यवाही करते हुए उन्हें ही मामले में आरोपी बना दिया गया। जिसे लेकर पंकज शर्मा ने मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग में शिकायत की थी, जो कि एक संवेधानिक संस्था है और अब पंकज शर्मा की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग ने सीहोर एसपी को नोटिस जारी कर मामले की जाँच हेतु सक्षम अधिकारी की नियुक्ति कर उचित तथा निष्पक्ष जाँच के निर्देश दिये हैं तथा कहा है कि मामले में किसी भी निर्दोश को सजा नही होना चाहिये और दोषी बचना नही चाहिये। पंकज शर्मा ने मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्य और न्याय की जीत बताया है तथा कहा है कि वे इस लड़ाई को अंत तक लड़ेगें और जितेगें साथ ही उन्होने इपने सहयोग के लिये पुरी सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी तथा पुरे जिले के कांग्रेसजनों का आभार व धन्यवाद भी व्यक्त किया है तथा इस लड़ाई में आगे भी उनका इसी प्रकार साथ देने की अपील की है।

### जैसे मां अपने बच्चे को जन्म देती है, उसी तरह हिंसा दुःखों को जन्म देती है, मुनिश्री ने प्रवचनों में श्रद्धालुओं को कहा

# शरीर का उपभोग नहीं करना है, शरीर का हमें उपयोग करना है: मुनिश्री अक्षय सागर

मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित प्रवचन के दौरान विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि तामसिक पदार्थ खाने से पाचन के लिए कठिन रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आहारं पचति शिखी दोषानाहारवर्जितः।' अर्थात अग्नि आहार को पचाती है और जब पेट में आहार नहीं रहता तब वह दोषों को पचाती या नष्ट करती है । इससे यह बात सिद्ध होती है कि खाली पेट रहनेसे दोषों का या रोगों का नाश ही होता है, निराहार रहने से शरीर में लाभ ही होता है, हानि नहीं। जमीन कंद तो तामसिकता को जन्म देते हैं, प्याज, आलु आदि का विकास पृथ्वी के अन्दर होता है। पृथ्वी में तम तत्त्व होता है। इसी तत्त्व के कारण से पदार्थ तामसिक बनते है ऐसे पदार्थ खानेसे वासना की उद्रेकता बढ़ती है, मन काबू में नही रहता।

उक्त अमृत वाणी मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित प्रवचन के दौरान विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि तामसिक पदार्थ खाने से पाचन के लिए कठिन रहता है। इस बात को हमे याद रखना है। इससे बचना है क्यों कि दया का, धर्म का पालन हमें करना है। धार्मिक क्रिया करने के बाद जो परिणाम हमारे अच्छे होना चाहिये । मुनिश्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि उसके लिए कहा गया है कि-₹जैसा खावें अन्न, वैसा होवे मन।₹ व्यासजी के पास एक व्यक्ति पहुँचता है और कहता है, आप तो संत हैं, आप को तो पढ़ने के लिए समय है, हमे पढ़ने के लिए समय नहीं है। अठारह पुराण है, हमने सुना है। लेकिन अठारह पुराण में क्या है? वह विषय आप बताएँगे तो बहुत अच्छा रहेगा। तब व्यासजी ने दो लाईन में अर्थ बताया, अठारह पुराण का - परोपकार करना ही पुण्य है, दुसरों को पीड़ा देना ही पाप है। इस तरह यह दया हमें पालना है। क्योंकि ₹हिंसा प्रसूतानि सर्वदुःखानि।

जैसे माँ अपने बच्चे को जन्म देती है, उसी तरह हिंसा दुःखों को। जन्म देती है। हमें किसी के पास जाने की जरुरत नहीं। जब-जब हमने हिंसा की है, उसी के कारण यह दुःखों को हमने प्राप्त किया है। हिंसा से हमें बचना है। जितने भी अभीतक प्रलय हुए है, हिंसा के कारण ही हुए है। इसलिए जैनाचार्य श्री शुभचन्द्रजी ने बताया है कि हिंसा ही दुर्गति का द्वार है, हिंसा ही पाप का समुद्र है, हिंसा ही घोर नरक है और महा अन्धकार है। हिंसा ही हमें अनंत काल संसार में भटकानेवाली है। जैनाचार्य श्री उमास्वामी कहते हैं - मन, वचन, काया को संभालने मन,वचन और काया का सदुपयोग करने से शुभ कर्म बंध होता है और दुरुपयोग करने से पापबंध होता है। और उधर ज्ञानेश्वरी में कहते हैं विश्व को हमें सुखी देखना है, तो वे कहते है- 'शरीर, वाचा, मन से रहाटणे। ते अहिंसा रुप जाना।' ज्ञानेश्वरी में कहते है कि प्रत्येक को सुखी रहना है, विश्व को हमें सुखी करना है तो इतना ही कहा, अपने मन, वचन, काया को संभालों। क्यों कि हम जब भजन करते इस समय मुझे एक घटना याद आ गयी। जब मैं जबलपुर में था, तब गुरु महाराज के पास कुछ भजन को लेकर चर्चा चल रही थी। तो एक ब्रह्मचारी ने कहा कि, आचार्यश्री भजन की व्याख्या ऐसी भी है। कैसी?

₹मन की तरंगे मार ले बस हो गया भजन।₹ किस की तरंगे मिट गयी? मन की तरंगे मिट गई, हो गया काम। क्यों कि मन को ही हमें स्थिर करना है। मन को जीतनेवाला-जैसे। 'मन जिंकी तो जग जिंकी...₹ मन को हमें ही ठीक करना है, वचन को हित, मित, प्रिय बोलना है। और काया... शरीर के द्वारा हमें शरीर का उपभोग नहीं करना है, शरीर का उपयोग करना है। शरीर का उपभोग करने वाला व्यक्ति पंचेंद्रिय विषयों में कर्म का बंध कर लेता है । श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रतिदिन मुनिश्री अक्षय सागर महाराज ऐलक उपशम सागर महाराज के सानिध्य में श्रद्धालु प्रातः तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा के अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं । संध्या को संत भवन में मुनिश्री अक्षयसागर महाराज ऐलक उपशम सागर महाराज के सानिध्य में गुरु भक्ति संगीत मय महाआरती भजन कीर्तन कर भगवान की भक्ति कर रहे हैं।

## बोरखेड़ा कलां में हुआ सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



ग्राम बोरखेड़ा कलाँ में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ हुआ। ग्राम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक रमाकांत भार्गव ने फीता काटकर किया।महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभाओं को निखारना और उनमें खेल भावना का संचार करना बताया गया।कार्यक्रम के दौरान विधायक भार्गव ने राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राएँ कु. निशा–रामकृष्ण पंवार और कु. दिक्षा अमित पंवार को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएँ और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।विधायक भार्गव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और उनकी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने युवाओं से खेलों में निरंतर भागीदारी करने और अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बनाए रखने का आह्वान किया।

### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

## हिमांशु पाराशर बने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय एबीवीपी के उपाध्यक्ष



**भैरूंदा।** सीहोर जिले की तहसील भैरुंदा ग्राम लाड़कुई के किसान परिवार के हिमांशु पाराशर ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर प्रतिष्ठित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति हासिल की है। हिमांशु पाराशर, पिता अशोक पाराशर (किसान) के पुत्र हैं। सामान्य ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर विश्वविद्यालय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने न केवल अपने गाँव और परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि उन सभी ग्रामीण युवाओं को प्रेरणा दी है जो बड़े सपने लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

इस नियुक्ति के साथ हिमांशु अब हजारों विद्यार्थियों की आवाज़ बनकर छात्र हितों, राष्ट्रभावना और संगठन के मूल्यों के लिए कार्य करेंगे। एबीवीपी द्वारा उनके नेतृत्व, मेहनत और छात्र कल्याण के प्रति निरंतर सक्रियता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। ग्रामीण परिवेश से लेकर विश्वविद्यालय की ऊँचाइयों तक का यह सफर संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। गाँव की मिट्टी, किसान पिता की मेहनत और शिक्षा के प्रति जुनून ने हिमांशु को इस मुकाम तक पहुंचाया है।

## ब्लू बर्ड स्कूल के दो छात्रों का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर।** शहर के ब्लू बर्ड स्कूल के दो होनहार छात्रों ने खेल जगत में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की छात्रा आशिका जैन एवं छात्र अनंत प्रताप मेवाड़ का चयन राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित स्कूल गेम्स की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।आशिका जैन का चयन 19 वर्षीय बालिका वर्ग में विकेट कीपर एवं बल्लेबाज के रूप में हुआ है। उन्होंने विदिशा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। उनकी बल्लेबाजी और विकेट के पीछे की



फुर्ती ने उन्हें टीम में स्थान दिलाया।वहीं, अनंत प्रताप मेवाड़, जो कि 14 वर्षीय



बालक वर्ग में मीडियम पेस बॉलर हैं, ने अपनी धारदार गेंदबाजी से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अनंत अब छतरपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।गौरतलब है कि आशिका कक्षा 8वीं एवं अनंत कक्षा 6वीं के छात्र हैं। दोनों खिलाड़ियों को शहर के जाने-माने क्रिकेट कोच चेतन मेवाड़ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। उनकी मेहनत और मार्गदर्शन ने इन विद्यार्थियों को इस मुकाम तक पहुँचाया।विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों एवं अभिभावकों ने दोनों छात्रों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसआईआर संबंधी शिकायतों के 100 मिनट में निराकरण के लिए लगाई गई अधिकारियों की ड्यूटी

### निगरानी व मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आदेश जारी किए गए हैं। एसआईआर कार्यक्रम के दौरान आवेदन, ईमेल और सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाली शिकायतों का 100 मिनट में निराकरण करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही जिला जनसंपर्क अधिकारी देवेंद्र ओगारे, ई गवर्नेंस प्रबंधक गौरव बंसल, जितेंद्र मालवीय, सर्वेश अबलेशिया एवं संजय वर्मा को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**निगरानी एवं मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित :** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा एसआईआर कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार लोक सेवा प्रबंधक विजय बामकले को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन एवं समय सीमा में त्रुटि रहित कार्य पूर्ण करने के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। जारी आदेशानुसार सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी समस्त बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित करायेगें। मतदाताओं की मैपिंग में बीएलओ की सहायता हेतु अधीनस्थ स्थानीय कर्मचारियो को निर्देशित करेंगे। आयोग के मापदण्डो अनुसार मतदाताओं की मैपिंग संबंधी कार्य पूर्ण करायेगे। Enumeration Form के वितरण एवं वापसी का कार्य पूर्ण करायेगे। भ्रमण कर बीएलओ एवं सुपरवाईजर के कार्यों की समीक्षा करेगे। ईआरओ से समन्वय करेगे। प्राप्त होने वाली शिकायतों का 100 मिनट मे निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगे। हेल्पडेस्क की स्थापना एवं उनकी क्रियाशील होने की कार्यवाही करेगे। इसके साथ ही समय-समय पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सौंपे गए कार्यों का निष्पादन करेंगे।

**विधानसभा स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त :** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन एवं समय सीमा में त्रुटि रहित कार्य पूर्ण करने के लिए विधानसभा स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें सभी जनपदों के सीईओ, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, सभी महिला बाल विकास परियोजना अधिकारियों और सभी नगर पालिका सीएमओ को अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी समस्त बीएलओ की उपस्थिति सुनिश्चित करायेगे। मतदाताओं की मैपिंग में बीएलओ की सहायता हेतु अधीनस्थ स्थानीय कर्मचारियों को निर्देशित करेंगे। आयोग के मापदण्डो अनुसार मतदाताओं की मैपिंग संबंधी कार्य पूर्ण करायेगे। Enumeration Form के वितरण एवं वापसी का कार्य पूर्ण करायेगे। भ्रमण कर बीएलओ एवं सुपरवाईजर के कार्यों की समीक्षा करेगे। ईआरओ से समन्वय करेगे। प्राप्त होने वाली शिकायतों का 100 मिनट मे निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगे। हेल्पडेस्क की स्थापना एवं उनकी क्रियाशील होने की कार्यवाही करेगे।

### एसआईआर के अंतर्गत घर-घर जाकर किए जा रहे हैं गणना पत्रक वितरित

# अपर कलेक्टर ने बीएलओ, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों से एसआईआर के संबंध में की चर्चा, मार्गदर्शन भी दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने जिले के ग्राम जमोनिया टैंक मतदान केंद्र पहुंचकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

अपर कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान नागरिकों से भी चर्चा की और उन्हें गणना पत्रक भरकर बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर तीन बार जाएंगे और गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की मदद भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जा रहा है, केवल गणना पत्रक में मांगी गई जानकारी को भरकर बीएलओ को देना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध और त्रुटिरहित बन सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा मार्गदर्शन

इसी प्रकार एसआईआर के संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### चरणबद्ध रूप से संचालित हो रही है एसआईआर प्रक्रिया

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

कलेक्टर व सीएस ने अपने स्तर से चिरायु अस्पताल में कराया बालक का ऑपरेशन

# न आधार था, न आयुष्मान...कलेक्टर की पहल पर मिली नई जिंदगी

## गाल ब्लेडर की बीमारी से जूझ रहा था 14 वर्षीय बालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गरीब और वंचित वर्ग से जुड़े राजगढ़ निवासी एक 14 वर्षीय बालक के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा रहनुमा साबित हुए हैं। गाल ब्लेडर की बीमारी से पीड़ित इस बालक के परिजनों की माली हालत ऐसी नहीं थी कि वे उसका ऑपरेशन करवा सकें। निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने पित्ताशय में स्टोन निकालने के ऑपरेशन हेतु हजारों रुपए का खर्च बताया था। यहां विडंबना यह थी कि संबंधित बीमार बालक के पास आधार कार्ड न होने से बीपीएल सूची से भी उसका नाम भी कट चुका था। इस वजह से अल्प समय में उसका आयुष्मान कार्ड बनना भी संभव नहीं था।

उधर, डॉक्टरों ने यहां तक कह दिया था कि यदि 3-4 दिनों में ऑपरेशन नहीं हुआ तो बालक की जान भी जा सकती है। पूरा मामला कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में आने पर उन्होंने जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. रजनीश शर्मा को किसी भी तरह से बच्चे का ऑपरेशन करवाने की जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर लगातार इसकी मॉनिटरिंग करते रहे। गत 3 नवंबर को इस बालक का भोपाल के चिरायु अस्पताल में सफल ऑपरेशन हुआ और वह वो पूरी तरह स्वस्थ होकर वापस अपने घर लौट चुका है।

### ऐसे सामने आया था मामला

राजगढ़ के सीएम राईज स्कूल की कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 14 वर्षीय बालक सूरज पिता नीतेश वाल्मीकि गाल ब्लेडर की बीमारी से जूझ रहा था। पहले परिजनों ने उसका इलाज जिला अस्पताल में करवाया लेकिन बाद में वे उसे झालावाड़ ले गए। झालावाड़ में ऑपरेशन का खर्च वहन करने में परिजन सक्षम नहीं थे। ऐसे में झालावाड़ के ही अस्पताल में अपने ईलाज के लिए गई कृषि विभाग एवं आजीविका मिशन की कृषि सखी सोनम राठौर ने उक्त विडंबना को लेकर एक वीडियो वायरल करते हुए राजगढ़ के उच्चाधिकारियों से मदद की गुहार लगाई।

### कलेक्टर ने झालावाड़ से बुलवाकर भिजवाया भोपाल

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के संज्ञान में यह मामला आने पर उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा को किसी भी तरह सूरज वाल्मीकि के ऑपरेशन का दायित्व सौंपा। शर्मा ने अपने स्तर से सूरज को राजधानी भोपाल के चिरायु अस्पताल में एडमिट करवाया। यहां उन्होंने अपने परिचित डॉक्टर्स एवं संपर्कों के आधार पर चिरायु अस्पताल के संबंधित चिकित्सकों को पूरी व्यथा बताई कि बालक का आयुष्मान कार्ड नहीं है। इसके साथ ही इतना समय भी नहीं है कि त्वरित रूप से उसका आधार कार्ड बनवाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सके। पूरी व्यथा सुनकर चिरायु अस्पताल के चिकित्सकों व प्रबंधन ने भी मानवीयता का परिचय देते हुए गत 03 नवंबर को सूरज का सफल ऑपरेशन किया। सूरज के पूरी तरह ठीक होने पर शुक्रवार को उसे अस्पताल से छुट्टी देकर घर के लिए रवाना कर दिया गया।

# लेनदेन के वायरल ऑडियो के संबंध में गठित हुई जांच कमेटी

## एसडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी सूक्ष्मता से जांच


पीड़ा सुनाते हुए फफककर रोने लगे पीड़ित डिप्टी रेंजर, एसपी से की शिकायत
डिप्टी रेंजर को आरामशीन संचालकों और विधायक से मिल रही धमकियां
खिलचीपुर विधायक पर धमके देने के आरोप
कार्यालय में आकर ही दे डाली धमकी
क्या है पूरा मामला
मैंने नहीं दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों वन महकमे के स्पेशल उड़नदस्ते में शामिल डिप्टी रेंजर मोहन सिंह सोनगिरा ने आरामशीन संचालकों एवं खिलचीपुर विधायक द्वारा जान से मारने की धमकियां देने की लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। शिकायत के बाद सोनगिरा की भी कुछ कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं जिनमें वे विभाग के ही रेंजर, ड्राइवर को रुपए देने की बात कह रहे हैं। एक अन्य रिकार्डिंग में भी आरामशीन संचालक या अन्य व्यक्ति से हुई बातचीत में सोनगिरा द्वारा रुपयों के खुले लेनदेन की बात सामने आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला वनमंडालाधिकारी बेनीप्रसाद दोतानिया ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच करने राजगढ़ एसडीओ दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जारी आदेश में उल्लेख है कि उक्त कमेटी आगामी 03 दिवसों में अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर डीएफओ के सम्मुख प्रस्तुत करेगी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधितों पर आगामी कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### खिलचीपुर विधायक से भी मिले थे आरामशीन संचालक

कौन सही और कौन गलत जैसे इस पैंचीदा मामले को लेकर शुक्रवार को कई आरामशीन संचालकों ने खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी से भी भेंट की थी। खिलचीपुर रेस्ट हाऊस में आरामशीन संचालकों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर शिकायत दर्ज करवाई की डिप्टी रेंजर मोहन सोनगिरा सहित उड़नदस्ते की टीम उन्हें लगातार परेशान करते हुए पैसों की मांग करती है। आरामशीन संचालकों के पास वैध लायसेंस होने के बावजूद उन्हें सोनगिरा व विभाग के अन्य कर्मचारियों द्वारा रिश्वत देने हेतु धमकाया जा रहा है।

## दरबार बने खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

*कुरावर। गुरुवार रात्रि चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय युवक प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया द्वारा युवा संगठन अध्यक्ष डॉक्टर अजय पटेल सीहोर की सहमति से चंद्रवंशी खाती समाज युवा संगठन के उपाध्यक्ष पद पर नगर के होनहार कर्मठ सामाजिक कार्यकर्ता अनिल दरबार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। अनिल दरबार वर्तमान में कुरावर नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 13 से पार्षद भी हैं। दरबार की इस नियुक्ति पर समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल लाइनमैन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बाला प्रसाद चंद्रवंशी, नगर अध्यक्ष कैलाश वकील, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश राज, मार्गदर्शक रामसहाय जामलिय, जिला अध्यक्ष अरविंद कलमोदिया, सरपंच माना एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।*

# बोड़ा के वार्ड 6 और 7 में लटक रहे बिजली के तारों से खतरा, हो सकता है हादसा

## लोगों ने कहा - देवी मार्ग पर खतरे की लटकती बिजली लाइन

**ब्यावरा-बोड़ा।** नगर बोड़ा के वार्ड क्रमांक 6 और 7 स्थित शक्तिबढ़ मोहल्ला, मां चामुंडा माता मंदिर मार्ग पर विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां बिजली की केबल और तार जमीन से मात्र 5 फीट की ऊंचाई पर लटके हुए हैं, जिससे राहगीरों, आमजन और मवेशियों की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई दिनों से तार नीचे झूल रहे हैं, लेकिन विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई सुधारात्मक कार्य नहीं किया गया है। मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और बच्चों को हर समय करंट लगने का डर बना रहता है। नागरिकों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते तारों को ऊँचा नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विशेषकर शाम और रात के समय जब रोशनी कम होती है, तब दुर्घटना की संभावना और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई कर तारों को सुरक्षित ऊँचाई पर करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### थाना प्रभारी का किया सम्मान

**कुरावर।** विगत दिनों नगर में पेंशनर बाबूलाल शर्मा के साथ हुई 50 हजार ठगी के आरोपियों को पुलिस द्वारा दो दिनों में पकड़कर गिरफ्तार करने पर पेंशन संघ कुरावर द्वारा थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मावई का सम्मान किया। इस अवसर पर पेंशन संघ अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, संयोजक ललित गुरगेला, श्रीवल्लभ शर्मा, बीपी वर्मा, कृष्णवल्लभ शर्मा, नन्नूलाल शर्मा , रसीद सर, शिवसिंह रघुवंशी, इंताब खान आदि उपस्थित रहे।

# सुंदरकांड कार्यक्रम का पांचवां चरण संपन्न

**शुजालपुर।** ग्राम जामनेर में शनिवार रात को बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसी के साथ साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर हो रहे सुंदरकांड कार्यक्रम का पांचवे चरण का समापन सम्पन्न हुआ। पांचवे शनिवार को कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के अजा विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राधाकिशन मालवीय शामिल हुए। उन्होंने दरबार के दर्शन लाभ लिए। साथ ही शुजालपुर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अजयपाल सिंह जादौन, एडवोकेट ईश्वर सिंह उमठ, मप्र संस्कृति व धर्मस्व विभाग के मंत्री माखनसिंह चौहान के दामाद एडवोकेट अजयसिंह चौहान, एडवोकेट मांगीलाल मालवीय, जामनेर मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष दिल्ली दरबार, प्रसिद्ध भजन गायक आनंद शर्मा, मुन्ना सरकार देवास, भजन गायक हरीश सोनी के साथ ही अन्य अतिथि शामिल हुए। सुंदरकांड का पाठ जय सीताराम सुंदरकांड मंडली धाकड़ खेड़ा के संचालक छगनलाल धाकड़ की मंडली द्वारा की जा रहा है।



ज्ञातव्य है कि ग्राम जामनेर के सभी साढ़े बारह हनुमान मंदिरों पर प्रति शनिवार को सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन करने का संकल्प जामनेर निवासी एडवोकेट अमित मालवीय द्वारा लिया गया है। अब तक पांच मंदिरों में यह कार्यक्रम धर्मप्रेमी बंधुओं के सहयोग से सफलतम रूप से संपन्न हुआ है। अगला सुंदरकांड कार्यक्रम ग्राम जामनेर के बागरी पूरा हनुमान मंदिर पर 15 नवंबर को शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम में भोजन प्रसादी की व्यवस्था प्रेमनारायण पाटीदार पटेल की ओर से बागरीपुरा हनुमान मंदिर पर की जाएगी। शनिवार देर रात को स्टैंड वाले हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम के सफल होने पर पत्रकार अमरीश पुरी गोस्वामी, एडवोकेट अमित मालवीय, प्रवीण विश्वकर्मा, राजाराम बारोड, मुकेश धाकड़ दरबार, राकेश अहिरवार, दिलीप अहिरवार, संजय पुरबिया, पवन अहिरवार, मंगलसिंह मालवीय, गोवर्धनसिंह अहिरवार, बद्री प्रसाद अहिरवार, बद्री अहिरवार, बाबूलाल मस्ताना आदि ने कार्यक्रम का आभार माना।

# एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित



**जीरापुर।** एडवांस्ड किड्स एकेडमी में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के भविष्य एवं उचित मार्गदर्शन हेतु प्रेरणादायक कॅरियर काउंसिलिंग सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य काउंसलर गुंजन चंद्रायन एवं आस्था चंद्रायन ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, सफलता के लिए आवश्यक कोशल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शुरुआत में विद्यालय प्राचार्य ई. के. जोशी ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की दिशा तय करने में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम संचालन शिक्षिका रूपाली धाकरे ने किया। गुंजन चंद्रायन एक अनुभवी शिक्षाविद्, कॉर्पोरेट ट्रेनर और करियर कोच हैं, जिन्हें 22 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

कार्यक्रम में ओलिवर पब्लिकेशंस, इंदौर के को-फाउंडर शुभम छापरवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेमिनार विद्यार्थियों में जागरूकता और आत्मविकास की भावना को प्रोत्साहित करते हैं , काउंसलर्स ने करियर से जुड़े प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे सार्थक और उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### जगदीश काका का आकस्मिक निधन क्षेत्र में शोक की लहर



**छापीहेड़ा।** सरल स्वभाव के धनी जगदीश काका (राव साहब) अब इस दुनिया से अलविदा हो चले, लेकिन अपने पूरे जीवन में संघर्ष कर नाती पोतों को प्यार दुलार हंसी खुशी के साथ पूरे परिवार को सार्थक रूप से एक माला की तरह संजोए रखना एक पिता ही कर सकता है। परंतु अपने आत्मविश्वास के साथ सभी भाइयों का साथ देना तथा सही राह के पायदान पर सबको बराबरी से चलाना उनकी यह सरल कार्यशैली थी लगभग 62 वर्षीय काका अस्वस्थ स्थिति में इंदौर के हॉस्पिटल मैं भर्ती थे शनिवार की दोपहर उनकी सांसे अचानक थम गई यह खबर सुनते ही पूरे छापीहेड़ा नगर एवं आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई उनके पार्थिव देह को वापस निज निवास छापीहेड़ा लाया गया समूचे नगर में इस घटना की खबर से शोक मय सनसनी व्याप्त हो गयी अत्यंत सहज सरल व्यक्तित्व जो निरंतर हर समाज मैं अपनी सहानुभूति के माध्यम से जाने जाते थे तथा सभी से हाथ जोड़कर बात करने वाले और अपनी धुन में मग्न रहने वाले काका सबसे मिलजुलकर रहते थे तथा हंसते-हंसते बातें करते थे आज छापीहेड़ा सेंदरा रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा।

# युवा उत्सव जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के छात्र-छात्राओं के द्वारा युवा उत्सव (2025-26) अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के निर्देशन में और युवा उत्सव प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल के सहयोग से इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में श्याम सिसोदिया (बीएससी तृतीय वर्ष) ने क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया चित्रकला प्रतियोगिता में उजमा खान (बीकॉम द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं भाषण प्रतियोगिता में दुर्गेश चंद्रवंशी (बीएससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया सभी छात्र-छात्राओं को



महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा बधाइयां प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इन सभी प्रतियोगिताओं दल प्रबंधक के रूप में धर्मेंद्र कुमार खैरवार सोनम करोड़िया और डॉ.फारूक पठान एवं विशेष सहयोगी के तौर पर पवन सिंह राजपूत उपस्थित रहे। इन सभी प्रतियोगिताओं का संचालन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्यावरा जिला राजगढ़ द्वारा संपन्न कराया गया।

# माध्यमिक विद्यालय बिलोदा पाल में बच्चों को स्वेटर व पेन वितरित



**सारंगपुर।** शीत ऋतु के आगमन पर माध्यमिक विद्यालय बिलोदा पाल में बच्चों को स्वेटर एवं पेन वितरित किए गए। वितरण के दौरान सभी बच्चे स्वेटर पाकर अत्यंत प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में बीआरसी बी.एल. वर्मा, जन शिक्षक गोविंद मालवीय, प्रदीप सोमतीया, शिक्षिका संजू भिलाला, सुनीता मालवीय, शिक्षक रमेशचंद्र नायक, गोपाल शर्मा, केसर सिंह भिलाला एवं लोकेश सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीआरसी बी.एल. वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वेटर एवं पेन देना एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना सबसे बड़ा नेक कार्य है। उन्होंने अन्य विद्यालयों से भी अपील की कि ठंड के मौसम को देखते हुए इस प्रकार के कार्यों में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण भी आगे आएं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिकाओं संजू भिलाला एवं सुनीता मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

चलित लैब टीम ने 40 दुकानों के दुग्ध पदार्थो का सैंपल लेकर की जांच

# दूध का दूध, पानी का पानी अभियान में दूध में यूरिया की मिलावट की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में दूध एवं दूध निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट के अनेकों मामले पूर्व में सामने आ चुके हैं। इसी के दृष्टिगत प्रशासन एवं दुग्ध संघ भोपाल द्वारा मिलावट की जांच हेतु सांची चलित लैब बुलवाई गई है जिससे न केवल प्रतिष्ठानों बल्कि आमजनों के घरों में उपयोग हो रहे खाद्य पदार्थों की जांच भी की जा रही है। इसी कड़ी में ब्यावरा नगर में विभिन्न स्थानों पर सांची संघ से प्रत्यायोजित सांची लेबोरेटरी के द्वारा मिल्क, घी के नमूनों की जांच की गई। जांच के दौरान अपना नगर कॉलोनी के आम उपभोक्ता अपने घर से दूध एवं दूध से बने हुए खाद्य पदार्थ लेकर लेबोरेटरी में जांच करवाने पहुंचे। यहां दूध के 38 एवं एक घी का नमूना जांच में लिया गया।



जांच में 12 उपभोक्ताओं के दूध में पानी की मात्रा अधिक होना पाई गई एवं घी का सैंपल मानक स्तर का पाया गया। इसके साथ ही दूध के एक अन्य सैंपल में यूरिया का प्रतिशत सामान्य से कुछ अधिक पाया गया। इसी प्रकार नीम चौराहा स्थित आसपास की कॉलोनियों, बस्तियों से दूध, घी के 35 सैंपल जांच करवाई गई जिनमें से 9 सैंपलों में पानी की अधिकता में पाई गई। इसी तरह शिवधाम कॉलोनी से दूध के 32 सैंपलों की जांच में 8 नमूने में पानी की मात्रा काफी अधिक पाई गई।

### प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर भी की जांच

जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासन अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि ब्यावरा शहर में भ्रमण के दौरान चलित लेबोरेट्री से श्री राम दूध डेयरी, राधा-कृष्ण दूध डेयरी पर दूध की की जांच की गई। जांच के दौरान दूध मिलावटी होने की शंका पर श्रीराम दूध डेरी पर मिक्स मिल्क का नमूना जांच में लिया गया वहीं राधा-कृष्ण दूध डेयरी सेघी एवं बटर के सैंपल जांच के लिए लिए गए। कलेक्टर राजगढ़, सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल के मार्गदर्शन में चलित लैब से उक्त जांच आगामी दिनों में राजगढ़ सहित अन्य शहरों में भी की जाएगी।

# विवेकानंद विचार मंच ने किया मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष बारकिया का सम्मान



**सारंगपुर।** विवेकानंद विचार मंच सारंगपुर द्वारा नवनिर्वाचित मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंच संयोजक मोहन पुष्पद 'ईशान', सदस्य गुरुचरण गौड़, सुरेश चैहान, सुरेश राठौर, श्याम चैहान एवं राहुल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर बारकिया का स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि अनिल बारकिया एक युवा, ऊर्जावान और सेवा भावना से ओत-प्रोत व्यक्तित्व हैं, जिनके नेतृत्व में मुक्तिधाम सेवा समिति का कार्य और अधिक सशक्त होगा। मंच द्वारा निवर्तमान अध्यक्ष रमेशचंद्र वर्मा का भी आभार व्यक्त किया गया कि उन्होंने समिति का दायित्व एक युवा एवं कर्मठ व्यक्ति को सौंपकर जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल बारकिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### एक दिसंबर से की जाएगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

**सीहोर।** सोशल मीडिया पर सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान/गेहूँ खरीदी नहीं किए जाने संबंधी प्रसारित हो रहे समाचार के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी एसओपी क्रमांक एफएससी/43/4/0003/2025/29-1/2437 भोपाल, दिनांक 30/अक्टूबर/2025 के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाना है! जिसकी तैयारी उपार्जन एजेंसी द्वारा की जा रही हैं। पत्र अनुसार 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर मोटा धान की खरीदी के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान नहीं खरीदी के संबंध मे कोई भी निर्देश प्राप्त नहीं हुए है।

### समाधान योजना में लगेंगे 400 से ज्यादा शिविर, लें लाभ

**सीहोर ।** प्रदेश शासन द्वारा लागू बिजली बकाया बिलों की समाधान योजना के लिए पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी तैयारी कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को छूट दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक कंपनी के अधीन एक हजार उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ लिया हैं, इन उपभोक्ताओं को करीब तेरह लाख की छूट की पात्रता रही, कंपनी को 83 लाख रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। कंपनी क्षेत्र में 400 से ज्यादा शिविरों की तैयारी की गई है। इंदौर शहर में 60 और इंदौर ग्रामीण सर्कल के अधीन करीब 40 शिविरों का संचालन क्रमशः किया जाएगा।इसी तरह देवास जिले में 100, उज्जैन जिले में 60, धार में 50, शाजापुर में 22, आगर में 11 शिविर लगेंगे। अन्य जिलों, विद्युत कंपनी वृत्त के अधीन भी जोन, वितरण केंद्र में समाधान योजना अंतर्गत शासन के आदेश पर एकमुश्त बकाया राशि और किश्तों में बकाया राशि जमा करने पर पात्रतानुसार छूट देने के लिए शिविरों का संचालन प्रभावी रूप से होगा।

### नाबालिग बालिका को कराया मुक्त, पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया

**सीहोर।** पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद कर परिजन सुपुर्द किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, 29 अक्टूबर को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी सबसे छोटी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई है। परिजन ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फरियादी ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना और सायबर सेल की मदद से 7 नवंबर को आरोपी रवि कोरकू के कब्जे से बालिका को बरामद कर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बीएलओ घर-घर पहुंचा रहे हैं न्यूमरेशन फॉर्म, 27 नवंबर तक होगा सत्यापन कार्य

# विधानसभा क्षेत्र आष्टा में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना पत्रक वितरण का कार्य प्रारंभ

बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं, ताकि मतदाता विवरणों का सत्यापन समय पर पूर्ण किया जा सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा में विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत मतदाताओं की प्रमाणिकता जांच के लिए तैयार किए गए न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) के वितरण का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है।

आयोग द्वारा वेंडर से प्राप्त गणना पत्रकों का वितरण संबंधित मतदान केन्द्रों पर नियुक्त सभी बीएलओ द्वारा किया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं, ताकि मतदाता विवरणों का सत्यापन समय पर पूर्ण किया जा सके। अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन टाले के निर्देश पर तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामलाल पगारे ने शनिवार को तहसील आष्टा अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों — अरोल्या, लसूडिया पार, खजुरिया कासम, नीलबड़, पगारिया हाट एवं खाचरोद — पर नियुक्त बीएलओ के कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और उन्हें कार्य की गति तेज करने तथा निर्धारित समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान भ्रमण दल द्वारा क्षेत्र के नागरिकों को निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी भी दी गई। निर्वाचन शाखा में समन्वयक सहयोगी प्रेम नारायण श्रीवास्तव ने भी इस कार्य में सहयोग प्रदान किया। अब तक विस क्षेत्र के 160 मतदान केंद्रों पर गणना पत्रक वितरण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

## 4 दिसंबर तक पूर्ण होगा मतदाताओं का सत्यापन कार्य : एसडीएम नितिन टाले

**आष्टा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की प्रमाणिकता जांच के लिए तैयार किए गए न्यूमरेशन फॉर्म (गणना पत्रक) के वितरण के बाद कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है।

अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नितिन टाले ने शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों — किला आष्टा, मीरपुरा, अलीपुर, मालिपुरा, पगारिया, राम आदि — का भ्रमण कर कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर गणना पत्रक का वितरण करें तथा मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन निर्धारित



समयसीमा में पूर्ण करें। श्री टाले ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत 4 दिसम्बर 2025 तक सभी मतदाताओं का सत्यापन कार्य पूरा किया जाना है। इस दौरान प्रत्येक बीएलओ को यह सुनिश्चित करना है कि उनके क्षेत्र के सभी पात्र मतदाताओं के विवरण अद्यतन और सही हों।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। सभी नागरिकों से अपील है कि वे घर-घर पहुंचने वाले बीएलओ को सही जानकारी प्रदान करें और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग दें।

## भाजपा मंडल जावर की बैठक में लिए कई निर्णय



**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर की स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर जावर में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रभारी धारा सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, जावर मंडल के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव ,जय सिंह ठाकुर ,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, नगर पालिका उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान ,कृपाल सिंह ठाकुर ,राजेंद्र सेंधव, अजय सिंह सेठ ,गोविंद राम मालवीय ,सूरज पटेल, दिनेश पाटीदार, बाबूलाल जाटव, पार्षद मदन विश्वकर्मा ,वीरेंद्र ठाकुर ,शिवम सोनी, कैलाश सोलंकी, सुनील लोधी ,महामंत्री धर्मेंद्र मालवीय, अर्जुन मालवीय ,राजा ठाकुर ,विजेंद्र सिंह ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर ,पवन मालवीय ,इकबाल खान ,दयाराम परिहार ,अशलम कुरैशी, रमेश पाटीदार ,राहुल ठाकुर, धीरज ठाकुर, मुकेश मकोडिय, देवकरण पाठोंदिया ,हेमंत गोयल एवं सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन योगेश भावसार ने किया।

## एक तरफा मैच में सीहोर ने बालाघाट को 3-1 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता में रविवार को दोपहर में सीहोर ने बालाघाट को 3-1 से हराया। मैच के अंत में साई कोच अमित भट्टाचार्य सहित जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

रविवार को हुए इस मैच में सीहोर बिल्डअप की टीम ने डायमंड राक बालघाट को 3-1 से हराया। इस मैच में सीहोर की ओर से अब्दुल रहमान ने एक गोल किया, इसके अलावा पीयूष थापा ने दो गोल किए। बालाघाट की ओर से नारायण महतो ने एक गोल किया। इसके अलावा शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर बाइज की टीम ने सीहोर ग्रीन को कांटे की टक्कर में 1-0 से हराया। सीहोर बाइज की ओर से युवराज ने एक गोल किया। मैच के अंत में संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, रघु मेवाड़ा, मनोज कन्नोजिया, दीपक बाथम, आनंद उपाध्याय, मनोज दीक्षित मामा, अरण राठौर, दीपक गुरुवानी, मनोज अहिरवार आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। सीहोर बिल्डअप एमपीपीएल में अब तक पांच मैच जीत चुकी है।

## शहर से 101 गांव जुड़े होने पर भी नहीं हैं पार्किंग की व्यवस्था

**सड़क पर वाहन खड़े करते हैं और काफी आती है परेशानी**



**जावर ।** शहर को कुछ साल पहले तहसील का भले ही दर्जा मिल गया हो, लेकिन अंदरुनी स्तर की बनी समस्या के बारे में कोई सुधार नहीं, इसमें एक समस्या पार्किंग की है, इसके अभाव में दो चार पहिया वाहन चालकों को जहां थोड़ी खाली जगह दिखे वहां पार्क कर आगे बढ़ जाते हैं, इससे अवस्था फैलती है, वहीं सड़क पर जाम लगने से दूसरे आवाजाही करने वाली आमजन की अलग बुरी तरह से फजीहत होती है वहीं गांधी चौक को ही बना दिया गाड़ीयों का अड्डा आने जाने वाले को काफी परेशानी होती है प्रशासन की अनदेखी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है किसी को कोई डर नहीं जहां मिलीं जगह वहां कर दिया वाहन खड़ा न पुलिस प्रशासन का डर न ही नगर परिषद का डर क्योंकि जावर नगर में प्रशासन को कोई सुध बुध नहीं।

### ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने ₹सिस्टमैटिक एंड एक्टिव मीटिंग्स इन विलेजेज टू एंड डेवलपमेंट₹ पहल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का नियमित मासिक आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कैलेंडर अनुसार निर्धारित दिवसों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए और ग्राम सभाओं में पंचायतीराज मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी गतिविधियां आयोजित की जाएं। ग्राम सभाएं आयोजित करने का उद्देश्य ग्राम स्तर पर पारदर्शिता, जनभागीदारी और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है।

**बीएलओ, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से एसआईआर के संबंध में की चर्चा**

# अपर कलेक्टर ने एसआईआर के संबंध में अमलाहा मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं।

अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने जिले के अमलाहा स्थित मतदान केंद्र पहुंचकर एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया। अपर कलेक्टर सिंह ने इस दौरान नागरिकों से भी चर्चा की और उन्हें गणना पत्रक भरकर बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने मतदाताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर तीन बार जाएंगे और गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की मदद भी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों से किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मांगा जा रहा है, केवल गणना पत्रक में मांगी गई जानकारी को भरकर बीएलओ को देना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे इस कार्य में सहयोग करें ताकि जिले की मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध और त्रुटिरहित बन सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### एसडीएम एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा मार्गदर्शन

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### चरणबद्ध रूप से संचालित हो रही है एसआईआर प्रक्रिया

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। इसके पश्चात 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

## सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक की गई संपन्न



**आष्टा।** श्री राम सेंधव राजपूत समाज छात्रावास आष्टा में समाज के गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में समिति अध्यक्ष श्री जीवन सिंह ठाकुर शोभा खेड़ी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें छात्रावास विकास हेतु अनेक योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया ।बैठक में आए हुए समस्त समाज अनुभवों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए और सभी ने एक राय होकर छात्रावास के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य योजना बनाकर काम करने पर सहमति जताई। समाजिक विकास हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में यथाशक्ति कार्य कर युवाओ को आगे लाने हेतु प्रेरित किया जाएं।